# न्यायालय उप जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर

मुकदमा नंबर 10/2017 प्रार्थना पत्र 251क तारीख रजू 27–10–2017

**उनवान**

1–फईमखान पुत्र शमीम जाति मुसलमान निवासी कुतलपुरा मालीयान तहसील सवाई माधोपुर
–प्रार्थीगण

**बनाम**

1–रामधन पुत्र भोरया जाति माली निवासी सत्यनाराण पाडा,आलनपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

2–धापू पुत्री भोरया जाति माली निवासी सत्यनारायण पाडा आलनपुर तहसील व जिला स0माधोपुर (मृतक)

2/1–बज्जीराम उर्फ बज्जो पुत्र कल्याण जाति माली निवासी सत्यनाराण पाडा आलनपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

2/2–छोटया पुत्र बज्जीराम जाति माली निवासी सत्यनारायण पाडा आलनपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

2/3–रामजीलाल पुत्र बज्जीराम जाति माली निवासी सत्यनारायण पाडा आलनपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

2/4–काली पत्नि कमलेश जाति माली निवासी सत्यनारायण पाडा आलनपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

2/5–सीमा पत्नी बाबूलाल जाति माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

3–मंगली पुत्री भोरया माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

4–रमेश पुत्र केसरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

5–हंसराज पुत्र केसरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

6–बृजराज पुत्र केसारा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

7–कमला पत्नी स्व0 केसारा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

8–रामरतन पुत्र सुन्दरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

9–रामभजन पुत्र सुन्दरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

10–सियाराम पुत्र सुन्दरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

11–सम्पत पुत्री सुन्दरा माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

12–मीरा पुत्री सुन्दरा माली निवासी निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर

13–बृजमोहन पुत्र बंशी माली निवासी शेरपुर तहसील व जिला सवाई माधोपुर(फोत)

13/1–बजरंगी पत्नि बृजमोहन माली निवासी कुतलपुरा मालीयान तहसील व जिला सवाई माधोपुर

13/2–सुरेश पुत्र बृजमोहन माली निवासी कुतलपुरा मालीयान तहसील व जिला सवाई माधोपुर

13/3–रघुवीर पुत्र बृजमोहन माली निवासी कुतलपुरा मालीयान तहसील व जिला सवाई माधोपुर

13/4–भरत पुत्र बृजमोहन माली निवासी कुतलपुरा मालीयान तहसील व जिला स0माधोपुर

13/5–अनोखी पुत्री बृजमोहन पत्नि हसंराज माली निवासी श्यामपुरा तहसील व जिला स0माधोपुर

13/6–गणपति पत्नि गिर्राज सैनी निवासी सवाई गंज लहसोडा तहसल व जिला स0मा0

14–सीताराम पुत्री बंशी माली पत्नी चिरंजी माली निवासी खवा देलवार

15–जानकी पुत्री बंशीलाल माली पत्नी रामहेत माली निंवासी सवाई माधोपुर

16–बर्मा पुत्री बंशीलाल पत्नी बाबूलाल निवासी हिन्दूपुरा तह0 बौली जिला स0माधोपुर

17–काडी पुत्री बंशीलाल पत्नी रमेश माली निवासी छान तहसील खंडार जिला स0माधोपुर

4

जिला कलेक्टर

18—गीता पुत्री बंशीलाल माली निवासी सुखवास छान तहसील खंडार जिला स0माधोपुर
19—तहसीलदार सवाई माधोपुर

— अप्रार्थीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा आरटीएक्ट, 251क**

**निर्णय** **दिनांक : 12—06—19**

पत्रावली पेश हुई । संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी की खातेदारी कब्जे काश्त की भूमि आराजी खसरा नंबर 377 रकबा 0.35है0 वाके ग्राम कुतलपुरा मालीयान तहसील सवाई माधोपुर में स्थित है । खातेदारी भूमि में पहॅुच के प्रयोजनार्थ अप्रार्थीगण रामधन पुत्र भोरया वगैरहा के नाम की कृषि भूमि प्रार्थी के खातेदारी की भूमि खसरा नंबर 377 रकबा 0.35है0वाके कुतलपुरा मालीयान के पूर्व दिशा की ओर खसरा नंबर 399 रकबा 0.06है0 ,ख0नं0 382/651रकबा 0.08है0की भूमि आती है । उक्त भूमि में होकर प्रार्थी तीस फुट चौडा रास्ता खसरा नंबर 377 में जाने --आने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है ।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर होने पर अप्रार्थीगणो को नोटिस जारी किये गये । अप्रार्थीगण बावजूद तामील न्यायालय में उपस्थित नही होने पर आदेशिका दिनांक 17—11—17 दिनांक 26—7—18 , 9—10--18को अप्रार्थीगणो की तामील होने के बावजूद न्यायालय में उपस्थित नही होने पर एकपक्षीय कार्यवाही की गई । तत्पश्चात् अप्रार्थी सं0 13के वारिसान की ओर से वकालतनामा पेश हुआ । वकील विपक्षी द्वारा दिनांक 19—10—18 को जवाब प्रस्तुत नही करने पर प्रकरण बहस हेतु तारीख पेशी नियत की गई एवं दिनांक 25--7—18 को तहसीलदार सवाई माधोपुर ने तथ्यात्मक रिपोर्ट मय नजरी नक्शा सहित पेश की जिसका अवलोकन किया गया । तहसीलदार सवाई माधोपुर ने खसरा नबर 377 रकबा 0.35है0 में जाने का एकमात्र रास्ता खसरा नंबर 399 में से 28मीटर लम्बा व 9.144मीटर चौडा अर्थात् 256.032वर्गमीटर एवं खसरा नंबर 382/651 में से 4मीटर लम्बा व 9.144मीटर चौडा अर्थात् 36.576वर्गमीटर लम्बा कुल रकबा 292.608वर्गमीटर रकबा रास्ते के लिए बनना प्रस्तावित किया है । क्योकि तहसीलदार सवाई माधोपुर ने यह भी रिपोर्ट पेश की है की खसरा नंबर 377 में आने जाने के लिए सबसे निकटमत मार्ग उक्त खसरा नंबर 382/651 में होकर ही बनता है । इसके अलावा अन्य कोई मार्ग खसरा नंबर 377में पहुचने के लिए उपलब्ध नही है। तहसीलदार सवाई माधोपुर की तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत होने के पश्चात उप पंजीयक सवाई माधोपुर से विवादित भूमि की डी0एल0सी दर तलब की गई । तहसीलदार सवाई माधोपुर द्वारा पत्र क्रमांक :राजस्व /2018/1201 दिनांक 14.12.18 के अनुसार रास्ते के प्रयोजनार्थ रकबा मुताबिक डीएलसी दर के अनुसार 87794/--रूपये की मालीयत दर्ज की है

4

जिला कलेक्टर

इसलिए प्रार्थी डीएलसी की दर से दुगुनी राशि राजस्व लेखा में नियमानुसार अप्रार्थीगण खातेदारो की भूमि रास्ते के प्रयोजनार्थ ली गई है के नाम से जमा करा दी जाती है तो प्रार्थी द्वारा चाहे गये रास्ते की तरमीम ट्रेस शीट में दर्ज करते हुये राजस्व जमाबंदी में भी नियमानुसार गैरमुमकीन रास्ता दर्ज किया जावे ।प्रार्थी की भूमि खसरा नंबर 377 में आने जाने के लिए रास्ता खुलासा कराया जावे, जिससे प्रार्थी खसरा नंबर 377 में बिना किसी बाधा के आने जाने के लिए उपयोग व उपभोग कर सके ।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सवाई माधोपुर को आदेशित किया जाता है कि रास्ते के उपयोग की भूमि वाके ग्राम कुतलपुरा मालीयान तहसील सवाई माधोपुर में स्थित खसरा नंबर 399, ख0नं0 382/651 में रास्ते के उपयोग की भूमि का रकबा 292.608वर्गमीटर रकबा की डी0एल0सी0 दर 87794/–रूपये की दुगुनी राशि अप्रार्थीगणो की भूमि रास्ते प्रयोजनार्थ जितनी ली गई है अप्रार्थीगणो के खाते में राशि जमा होने पर नियमानुसार राजस्व जमाबंदी व ट्रेसशीट में गैरमुमकीन रास्ते का इन्द्राज करते हुये प्रार्थी की खातेदारी की भूमि खसरा नंबर 377 में जाने आने के लिए रास्ते को खुलासा कराया जावे ।

निर्णय आज दिनांक 12–6–2019 को मेरे द्वारा टंकित कराया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया ।प्रार्थना पत्र फैसल शुमार होकर, नंबर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

(रघुनाथ)
उप जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर